श्याम तेरी सांवरी सूरत पे मर मिट जाउंगी

श्याम तेरी सांवरी सूरत पे मर मिट जाउंगी,
तेरी हो गयी श्याम सजन तुझपर लुट जाउंगी......

तेरी बिन ओ श्याम सांवरिया तड़प तड़प मर जाऊ,
देखू श्याम सलोनी सुरत चैन कभी मै पाऊ,
तेरे दरश लगन लगाकर जुट जाउंगी,
श्याम तेरी सांवरी सूरत पे मर मिट जाउंगी,
तेरी हो गयी श्याम सजन तुझपर लुट जाउंगी......

अपनी मुझे बनाले प्यारी तू मन मेरा प्यारा,
बीते सारी उम्र तेरे संग होवे मेरा गुजारा,
दुनिया रूठे मुझसे मै भी रूठ जाउंगी,
श्याम तेरी सांवरी सूरत पे मर मिट जाउंगी,
तेरी हो गयी श्याम सजन तुझपर लुट जाउंगी......

तू मेरा है मै तेरी हु मुरली वाले कान्हा,
ऐसी प्रीत जगादे दिल में जाने सारा जमाना,
दुनिया छुट जाये मुझसे मै भी छुट जाउंगी,
श्याम तेरी सांवरी सूरत पे मर मिट जाउंगी,
तेरी हो गयी श्याम सजन तुझपर लुट जाउंगी......

चूर रहू मै पागलपन में मस्ती की मस्तानी,
भले हुकम ना बोले मुझसे बोले जोर जिठानी,
सास ननद के आतम से मै घुट घुट जाउंगी,
श्याम तेरी सांवरी सूरत पे मर मिट जाउंगी,
तेरी हो गयी श्याम सजन तुझपर लुट जाउंगी......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/32104/title/shyam-teri-sanwri-surat-pe-mar-mit-jaaungi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |